NIELIT Patna Centre, Near IIT Main Gate, Amhara, Bihta, Patna

सचिवालय सहायकों ,पर्यवेक्षकों संवर्गों एवं समूह 'ग' के सरकारी कर्मचारियों हेतु कम्प्युटर सक्षमता जांच परीक्षा के संबंध में।

1. राज्य सरकार के अंतर्गत कार्यरत सचिवालय सहायकों पर्यवेक्षकीय संवर्गों एवं समूह 'ग' के सभी कर्मियों को कम्प्यूटर सक्षमता हासिल करने के उद्देश्य से बिहार सरकार सेवक(संपुष्टि के लिये सक्षमता) नियमावली 2011 में निहित प्रावधान के अंतर्गत NIELIT की "कोर्स ऑन कम्प्यूटर एप्लिकेशन एंड कॉन्सेप्ट्स" (CCAC) पाठ्यक्रम में उत्तीर्णता का प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा , इस हेतु प्रशिक्षण एवं परीक्षा का आयोजन NIELIT पटना केंद्र द्वारा सूचना प्रावैधिकी विभाग बिहार सरकार के दिशा निर्देश में किया जा रहा है । प्रशिक्षण के उपरांत सक्षमता जॉच हेतु CCAC ऑनलाइन परीक्षा April,2019 में आयोजित की जा रही है । परीक्षा का विवरण निम्नवत है - **(Training Mode)**

परीक्षा प्रारम्भ तिथि	**06.04.2019 दिन शनिवार**
परीक्षा हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि	**29.03.2019 दिन शुक्रवार**
परीक्षा शुल्क	प्रथम दो प्रयासों हेतु परीक्षा शुल्क देय नहीं है । इसके पश्चात रू 236/- परीक्षा शुल्क देय होगा ।

परीक्षा हेतु आवेदन परीक्षार्थी के प्रशिक्षण केंद्र से ऑनलाइन होगा तथा केवल वह परीक्षार्थी हीं परीक्षा हेतु आवेदन कर सकेंगें जिनकी उपस्थिति 75% या अधिक होगी । प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों के लिए **"Form A"** भरना है एवं प्रशिक्षण केंद्र पर जमा करना है|

2. जो कर्मी उपरोक्त प्रशिक्षण न लेकर सीधे(Direct) परीक्षा में बैठना चाहते हैं वह भी निर्धारित शुल्क देकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं ।सीधे (Direct) परीक्षा में आवेदन करने वालों के लिए **"Form B"** भरना अनिवार्य है| परीक्षा का विवरण निम्नवत है - (**Direct Mode**)

परीक्षा प्रारम्भ तिथि	**06.04.2019 दिन शनिवार**
परीक्षा सह निबंधन फार्म-B जमा करने की अंतिम तिथि	**29.03.2019 दिन शुक्रवार**
परीक्षा शुल्क	**रू 1180/- (नये आवेदन हेतु)**

परीक्षा में एक बार असफल हो चुके परीक्षार्थियों को पुन: परीक्षा हेतु कोई शुल्क देय नहीं है परन्तु दो या दो से अधिक बार असफल हो चुके परीक्षार्थियों परीक्षा हेतु रू 236/- का ड्राफ्ट भी देना होगा| **प्रथम प्रयास में असफल अथवा अनुपस्थित परीक्षार्थियों को "Form C" भरना अनिवार्य है ।** वह अपने रजिस्ट्रेशन संख्या के आधार पर अपने जिले के प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से या सीधे NIELIT Patna केंद्र मे पुन: आवेदन कर सकते हैं ।

सीधे परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा-सह-निबन्धन फार्म वेबसाइट http://nielit.gov.in/patna/ पर उपलब्ध है तथा भरे हुए फार्म, कर्मी के वर्तमान Posting Place वाले जिले के प्रशिक्षण केन्द्र में अथवा NIELIT पटना केंद्र में जमा करना होगा । उपरोक्त फार्म के साथ **NIELIT Patna Centre** के पक्ष में तथा पटना में देय रू 1180 /- का बैंक ड्राफ्ट भी संलग्ण करना होगा ।

3. सीधे परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा-सह-निबन्धन फार्म हमारे वेबसाइट http://nielit.gov.in/patna/ पर उपलब्ध हैं। हमारे वेबसाइट से Direct candidate form को Online Apply भी कर सकते है तथा फार्म भरने के पश्चात् उसकी ऑन लाइन प्रविष्टि (Acknowledgement) तथा फॉर्म-B अवश्य **NIELIT Patna Centre, Near IIT Main Gate, Amhara, Bihta Patna** अथवा **NIELIT Patna Centre, 11th Floor, Biscomaun Bhawan, Gandhi Maidan, Patna (केवल Demand Draft के माध्यम से भरे गये फार्म स्विकार्य होंगे)** में जमा करना सुनिश्चित करें। विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र एवं बिना फोटोग्राफ के अपलोड किये हुए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें एवं सम्बंधित कर्मी परीक्षा से वंचित हो सकते हैं।

4. परीक्षा की अवधि 90 मिनट की होगी। परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिष्ठ(Objective) प्रश्न होंगें तथा इस परीक्षा में Negative Marking नहीं हैं

5. किसी भी जिले में परीक्षा केंद्र स्थापित तभी किया जा सकता है, जब उस जिले में न्यूनतम 40 नये प्रशिक्षणार्थी उपलब्ध होंगे। (Subject to the availability of proper infrastructure in concerned districts.)

6. **परीक्षा का फॉर्म दिनाक - 29.03.2019 दिन शुक्रवार के बाद किसी भी प्रकार से जमा नहीं लिया जाएगा ।**

7. **डिमान्ड ड्राफ्ट NIELIT Patna Centre के नाम से देय होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट में किसी भी प्रकार की त्रुटी होने पर स्विकार नहीं किया जाएगा**
8. अधिक जानकारी हेतु **http://nielit.gov.in/patna/** पर जाएं अथवा **0612-2219134** पर सम्पर्क करें।

प्रभारी निदेशक,

नाइलेट पटना के आदेशानुसार